उसने हमें पवित्रशास्त्र दिया: व्याख्या की नींव

अध्ययन मार्गदर्शिका

अध्याय छः

अर्थ की खोज करना

THIRD MILLENNIUM MINISTRIES
Biblical Education. For the World. For Free.

विषय-वस्तु सूची

इस अध्याय और मार्गदर्शिका का उपयोग कैसे करें 3

नोट्स 4

I. **परिचय** (0:20) 4

II. **मार्गदर्शक** (1:43) 4
- क. लेखक (7:50) 5
- ख. दस्तावेज (12:36) 5
- ग. श्रोतागण (17:56) 6
- घ. परस्पर-निर्भरता (25:33) 6

III. **सार** (34:55) 8
- क. प्रसंग की जटिलता (37:55) 8
- ख. व्याख्याकार की विशिष्टता (45:33) 9
- ग. श्रोताओं की आवश्यकताएँ (50:58) 9

IV. **सारांश** (57:04) 10

पुनर्विचार हेतु प्रश्न 11

लागू करने हेतु प्रश्न 15

© थर्ड मिलेनियम मिनिस्ट्रीज़ www.thirdmill.org 2014 के द्वारा

इस अध्याय और मार्गदर्शिका का उपयोग कैसे करें

इस अध्ययन मार्गदर्शिका को सम्बद्ध वीडियो अर्थात् चलित दृश्य अध्यायों के साथ संयुक्त रूप में उपयोग करने के लिए निर्मित किया गया है। यदि आपके पास वीडियो उपलब्ध नहीं हैं, तो यह अध्ययन मार्गदर्शिका ऑडियो अर्थात् श्रव्य अध्याय और/या अध्याय की मूल प्रतियों के संस्करणों के साथ कार्य करने के लिए भी सहायता देंगे। इसके अतिरिक्त, अध्याय और मार्गदर्शिका की मंशा एक सीखने वाले समुदाय के उपयोग के लिए की गई है, परन्तु साथ ही इनका उपयोग यदि आवश्यक है तो व्यक्तिगत् अध्ययन के लिए भी किया जा सकता है।

- **इससे पहले कि आप अध्याय को देखें**
    - **स्वयं को तैयार करें** – किसी भी अनुशंसित अध्यायों को पढ़ कर पूरा कर लें।
    - **देखने के लिए समय निर्धारित करें** – इस मार्गदर्शिका के नोट्स खण्ड में, अध्याय को उन भागों में विभाजित किया गया है जो कि वीडियो के साथ सम्बद्ध हैं। प्रत्येक मुख्य भाग के साथ दिए हुए लघुकोष्ठकों में दिए हुए समय कोड्स का उपयोग, यह निर्धारित करता है कहाँ से अध्याय देखना आरम्भ किया जाए और कहाँ देखना समाप्त होता है। थर्ड मिलेनियम के अध्याय सघनता से सूचनाओं के साथ भरे हुए हैं, इसलिए हो सकता है कि आप इसे कई टुकड़ों में देखना चाहेंगे। इन टुकड़ों को मुख्य भागों के अनुसार होना चाहिए ।
- **जब आप अध्याय को देख रहे हैं तब**
    - नोट्स बनाएं — अध्ययन मार्गदर्शिका के नोट्स खण्ड अध्याय की मूल रूपरेखा की जानकारी रखते हैं, जिसमें प्रत्येक खण्ड को आरम्भ किए जाने के लिए समय कोड्स और कुँजी नोट्स सम्मिलित हैं जो कि आपका मार्गदर्शन इन सूचनाओं के लिए करेंगे। अधिकांश मुख्य विचारों को पहले से ही सारांशित कर दिया गया है, परन्तु इन्हें स्वयं के नोट्स के द्वारा पूरक किया जाना सुनिश्चित करें। आपको समर्थन देने वाली अतिरिक्त सामग्री को भी जोड़ना चाहिए जो आपको मुख्य विचारों को स्मरण करने, विवरण देने से और इनका बचाव करने में सहायता प्रदान करेंगे।
    - **टिप्पणियों और प्रश्नों को लिख लें** – जब आप वीडियो को देखते हैं, तब हो सकता है कि जो कुछ आप सीख रहे हैं उसके प्रति आपके पास टिप्पणियाँ और/या प्रश्न हों। अपनी टिप्पणियों और प्रश्नों को हाशिये में लिखें ताकि इन्हें आप अध्याय को देखने के पश्चात् समूह के साथ साझा कर सकते हैं।
    - **अध्याय के भागों को देखते समय लघु ठहराव/पुन: आरम्भ बटन का उपयोग करें –** आप पाएंगे कि कुछ निश्चित स्थानों पर पुनर्विचार के लिए कठिन अवधारणाएँ, या रूचिपूर्ण बातों पर विचार विमर्श या अतिरिक्त नोट्स लिखने के लिए वीडियो का लघु ठहराव या इसे पुन: आरम्भ करना सहायतापूर्ण है।
- **आपके द्वारा अध्याय को देख लेने के पश्चात्**
    - **पुनर्विचार के लिए प्रश्नों को पूरा करें** – पुनर्विचार के लिए प्रश्न अध्याय की मूल विषय-वस्तु के ऊपर आधारित है। आपको उपलब्ध किए हुए स्थान में पुनर्विचार के प्रश्नों के उत्तर को देना चाहिए। इन प्रश्नों को एक समूह की अपेक्षा व्यक्तिगत् रूप से पूरा किया जाना चाहिए।
    - **उपयोग के लिए प्रश्नों का उत्तर दें/विचार विमर्श करें** – उपयोग हेतु प्रश्न ऐसे प्रश्न हैं जो कि इस अध्याय की विषय-वस्तु के साथ सम्बद्ध होते हुए मसीही जीवन यापन, धर्मविज्ञान और सेवकाई से सम्बधित हैं। उपयोग हेतु प्रश्न लिखित गृहकार्यों या समूह के विचार विमर्श के लिए विषयों के लिए उपयुक्त हैं। क्योंकि लिखित गृहकार्यों के लिए, यह अनुशंसा की जाती है कि उत्तर एक पृष्ठ से अधिक लम्बा नहीं होना चाहिए।

© 2013 थर्ड मिलेनियम मिनिस्ट्रीज़ के द्वारा
www.thirdmill.org

नोट्स

I. परिचय (0:20)

II. मार्गदर्शक (1:43)

व्याकरण और संदर्भ के व्याकरणीय और ऐतिहासिक कारक, साथ ही साथ, मूल लेखक और श्रोता पवित्रशास्त्र का अर्थ खोजने के लिए मार्गदर्शकों के रूप में कार्य करते हैं।

लेखक, दस्तावेज या श्रोताओं के बारे में जिस भी ज्ञान को हम प्राप्त करते हैं उसमें पवित्रशास्त्र के प्रति हमारी समझ को उन्नत करने की क्षमता है।

© थर्ड मिलेनियम मिनिस्ट्रीज़ www.thirdmill.org 2014 के द्वारा

क. लेखक (7:50)

सामान्य ऐतिहासिक अनुसन्धान और पवित्रशास्त्र स्वयं हमें इस योग्य बनाते हैं कि हम बाइबल की प्रत्येक पुस्तक के रचनाकार की रूपरेखा बना लें।

यूहन्ना 3:16 के लेखक के ऊपर ध्यान दें : अपनी सभी पुस्तकों में, और जिन बातों को यूहन्ना के बारे में अन्य लेखकों के द्वारा कहा गया, हम यूहन्ना की मान्यताओं के प्रति उपयोगी समझ को प्राप्त कर सकते हैं।

जब हमें लेखक और उसके अभिप्राय के बारे में ज्ञान होता है, तो यह उनके लेखों को सही रूप से देखने में हमारी सहायता करता है।

ख. दस्तावेज (12:36)

उत्तरदायीपूर्ण तरीके से पवित्रशास्त्र की व्याख्या करने के लिए, हमें प्रेरित लेखक द्वारा लिखे हुए वास्तविक शब्दों और वाक्यांशों पर निकटता से ध्यान देना चाहिए।

© थर्ड मिलेनियम मिनिस्ट्रीज़ www.thirdmill.org 2014 के द्वारा

यूहन्ना 3:16 में दिए हुए शब्द "इतना" के महत्व की व्याख्या उचित रूप से तब ही हो सकती है जब हम इसे इसके व्यापक संदर्भ में देखते हैं।

ग. श्रोतागण (17:56)

बाइबल के लेखकों ने अक्सर उनकी पुस्तकों का संकलन उनके मूल और उनके बाद आने वाले श्रोताओं को ध्यान में रखते हुए किया।

जितना ज्यादा हम प्राथमिक और द्वितीय मूल श्रोताओं के बारे में जानेंगे, उतना ज्यादा अच्छे रूप में हम बाइबल आधारित प्रंसगों के मूल अर्थ की जाँच-पड़ताल करने के लिए सक्षम हो जाएंगे।

घ. परस्पर-निर्भरता (25:33)

पवित्रशास्त्र के अर्थ के प्रति प्रत्येक मार्गदर्शक सूचित करता और अन्यों के द्वारा सूचित किए गए हैं।

© थर्ड मिलेनियम मिनिस्ट्रीज़ www.thirdmill.org 2014 के द्वारा

हमें इन सभी संसाधनों से मार्गदर्शन को प्राप्त करना चाहिए, ताकि पवित्रशास्त्र का हमारा पठन् उनमें से किसी एक या दो के ऊपर जोर दिए जाने के कारण असन्तुलित और विषम न हो जाए।

व्याख्या की तीन भ्रामक धारणाएँ :

- जानबूझकर की जाने वाली भ्रान्ति : इस बात पर निर्भर करती है कि हम क्या सोचते हैं कि हम लेखक और उसके मंशा के बारे में क्या जानते हैं, और जिन बातों को हमने दस्तावेज और श्रोताओं के बारे में सीखा है, उसके मूल्य को कम कर देते हैं।

- लेखाचित्रीय भ्रान्ति : दस्तावेज के ऊपर संदर्भित बातें जैसे लेखक और श्रोताओं का प्रासंगिक बहिष्कार करते हुए स्वयं पर अत्यधिक जोर देती है।

- भावात्मक भ्रान्ति : यह श्रोताओं के ऊपर ज्यादा जोर देती है और इस बात के ऊपर ध्यान केन्द्रित करती है कि कैसे पवित्रशास्त्र उसके श्रोताओं के ऊपर प्रभाव डालता है।

© थर्ड मिलेनियम मिनिस्ट्रीज़ www.thirdmill.org 2014 के द्वारा

III. सार (34:55)

सार : एक प्रसंग का विवरण

सार हमारे अध्ययन को संकीर्ण बनाने में हमारी सहायता करते हुए, हमें मात्र एक हिस्से पर केन्द्रित रहने की अनुमति देता है कि वह प्रसंग क्या कहना चाहता है।

कई युक्तिसंगत सार हमें एक प्रसंग के पूरे अर्थ के निकट और अति निकट ले आते हैं।

क. प्रसंग की जटिलता (37:55)

पवित्रशास्त्रीय प्रसंगों की जटिलता अधिकतर इस सच्चाई में निहित है कि उनमें वास्तविक अर्थ, या शाब्दिक भावार्थ कई तरह से होता है।

पवित्रशास्त्र के अर्थ बहुआयामी हैं, हम इसे कई विभिन्न तरीकों से सारांशित कर सकते हैं और फिर भी इसके शाब्दिक भावार्थ के साथ सच्चे बने रह सकते हैं।

© थर्ड मिलेनियम मिनिस्ट्रीज़ www.thirdmill.org 2014 के द्वारा

ख. व्याख्याकार की विशिष्टता (45:33)

सभी व्याख्याकार बाइबल आधारित लेखों के पास विभिन्न तरह की चिन्ताओं, पूर्वानुमानों, पृष्ठभूमियों और प्रश्नों के साथ आते हैं।

व्याख्याकार की व्यक्तिगत खूबियाँ और कमजोरियाँ उनमें से प्रत्येक का मार्गदर्शन एक प्रसंग के मूल अर्थ के विभिन्न पहलूओं का पता लगाने में करती है।

ग. श्रोताओं की आवश्यकताएँ (50:58)

बाइबल को दायित्वपूर्ण और प्रासंगिक तरीके से जीवन में लागू करने के लिए, हमें ऐसे सारांशों को प्राप्त करना जो कि हमारे विशेष श्रोताओं के लिए सहायक हो सकें।

© थर्ड मिलेनियम मिनिस्ट्रीज़ www.thirdmill.org 2014 के द्वारा

पवित्रशास्त्र की जाँच-पड़ताल कुल मिलाकर मूल अर्थ और हमारे समकालीन श्रोताओं के बीच में दूरी को पाटना है।

IV. सारांश (57:04)

© थर्ड मिलेनियम मिनिस्ट्रीज़ www.thirdmill.org 2014 के द्वारा

पुनर्विचार हेतु प्रश्न

1. पवित्रशास्त्र की व्याख्या के लिए बाइबल के एक मूलपाठ के लेखक के बारे में कुछ जानकारी होना क्यों महत्वपूर्ण है की व्याख्या करें ?

2. जब हम पवित्रशास्त्र की व्याख्या करते हैं, तो कैसे बाइबल आधारित दस्तावेज के सारे गुणों के ऊपर ध्यान देना हमें लाभ पहुँचा सकता है?

© 2013 थर्ड मिलेनियम मिनिस्ट्रीज़ के द्वारा
www.thirdmill.org

3. बाइबल की एक पुस्तक के मूल पाठकों की पहचान की जानकारी कैसे व्याख्या करने में हमारी सहायतापूर्ण मार्गदर्शन कर सकता है ?

4. व्याख्या में पाई जाने वाली तीन भ्रान्तियों का वर्णन करें। इनमें से एक या इससे अधिक भ्रान्ति से बचने के लिए तरीकों के ऊपर टिप्पणी करें।

© थर्ड मिलेनियम मिनिस्ट्रीज़ www.thirdmill.org 2014 के द्वारा

5. यह हम यह कहते हैं कि बाइबल अपने स्वभाव में जटिल है तो हमारा क्या अर्थ होता है ?

6. बाइबल आधारित व्याख्याकार की विशेषता किस तरह से बाइबल आधारित मूलपाठों के बहुआयामी सारांशों की ओर मार्गदर्शन करता है ? क्यों व्याख्या के लिए बहुआयामी सार महत्वपूर्ण हैं?

© थर्ड मिलेनियम मिनिस्ट्रीज़ www.thirdmill.org 2014 के द्वारा

7. वर्णन करें कि क्यों हमें इच्छित श्रोताओं की आवश्यकता के लिए एक बाइबल आधारित प्रसंग के सार को अपनाने की आवश्यकता है ?

© थर्ड मिलेनियम मिनिस्ट्रीज़ www.thirdmill.org 2014 के द्वारा

लागू करने हेतु प्रश्न

1. क्या हमारी पूर्वधारणाएँ सदैव बाइबल आधारित हमारी व्याख्या को प्रभावित करती हैं? यदि ऐसा होता है तो, किस तरह से हम गलत व्याख्या को हमारी व्यक्तिगत् पृष्ठभूमि, अवधारणाओं और सरोकारों के आलोक में बच सकते हैं?

2. बाइबल के लेखकों के बारे में आपके ज्ञान ने किस तरह से पवित्रशास्त्र की आपकी व्याख्या को प्रभावित किया है।

3. आपके स्वयं के व्याख्या के प्रयासों (उदाहरण के रूप में, शब्दावली, व्याकरण, वाक्य संरचना इत्यादि) में बाइबल आधारित मूलपाठ के कौन से गुण सबसे अधिक सहायतापूर्ण रहे हैं? कौन से प्रभाव बाइबल के मूलपाठ के इन सारे गुणों का अध्ययन करने से आपके पठन् और व्याख्या करने के ऊपर पड़े हैं?

4. आपको बाइबल के अध्ययन के नियमित अभ्यास के रूप में बाइबल की एक पुस्तक के ऐतिहासिक संदर्भ की जाँच पड़ताल के लिए क्या करना चाहिए?

5. बाइबल के मूल श्रोताओं के बारे में आप क्या जानते हैं, और किस तरह से इस सूचना ने आपकी व्याख्या को प्रभावित किया है?

6. जानबूझकर की जाने वाली भ्रान्ति, लेखाचित्रीय भ्रान्ति, भावात्मक भ्रान्ति में से कौन सी, आपके लिए सबसे बड़ी कमजोरी रही है जब आप पवित्रशास्त्र की व्याख्या करते हैं ? क्यों ?

7. एक ही बाइबल आधारित प्रसंग के लिए दो युक्तिसंगत सारों का एक उदाहरण दें। किन परिस्थितियों में प्रत्येक सार सबसे अधिक प्रभावशाली रहेगा?

8. बीते समय में घटित हुए उन कुछ विशेष उदाहरणों को दें जब किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा किए हुए पवित्रशास्त्र का सार आपकी सेवकाई के पहले और/या वर्तमान में आपके लिए सहायतापूर्ण रहा है।

9. सेवकाई में आप किस तरह की पृष्ठभूमि और वरदानों को लाते हैं ? किस तरह से आपके वरदान और पृष्ठभूमि बाइबल के प्रसंग का सार निकालने में आपकी सहायता करती है? किस तरह से यह आपके लिए रूकावट है?

10. समूह की बैठक में पवित्रशास्त्र के अध्ययन से आप ने किस तरह के लाभों को प्राप्त किया है? अन्यों के साथ पवित्रशास्त्र का अध्ययन करना आपको स्वयं के द्वारा अध्ययन करने की तुलना में ज्यादा कठिन या आसान जान पड़ा?

11. आपके वर्तमान के कार्य या सेवकाई में, आप आपके श्रोताओं की आवश्यकताओं की किस तरह खोज करेंगे ? उनकी परिस्थितियों में पवित्रशास्त्र को लागू करने में किन बातों ने आपकी सहायता की है?

12. इस अध्याय से कौन सी सबसे महत्वपूर्ण बात को आपने सीखा है?

© 2013 थर्ड मिलेनियम मिनिस्ट्रीज़ के द्वारा
www.thirdmill.org